Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:39 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 285 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 13 मई 2025



मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों ने की आध्यात्मिक...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 3 लश्कर आतंकी ढेर, सुरक्षाबलों ने दो दहशतगर्दों को घेरा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में मंगलवार को एनकाउंटर में लश्कर के 3 आतंकवादी मारे गए। जबकि अभी कुछ आतंकियों के फंसे होने की खबर है। सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर रखा है। जानकारी के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के शोपियां के शुकरू केलर इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ चल रही है। सूत्रों के अनुसार, तीन आतंकियों को मार गिराया गया है, अभी इलाके में अभी कुछ और आतंकवादियों के फंसे होने की आशंका है।

### बेरोजगार संघ के अध्यक्ष पद से बॉबी पंवार ने दिया इस्तीफा

**देहरादून।** बेरोजगार संघ के अध्यक्ष पद से बॉबी पंवार ने इस्तीफा दे दिया। इस संबंध में बॉबी पंवार ने पत्रकारवार्ता की। उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष पद से बॉबी पंवार ने इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को संघ की कोर कमेटी के पदाधिकारियों को उन्होंने अपना इस्तीफा सौंप दिया। वहीं, सर्वसम्मति से कोटद्वार निवासी राम कंडवाल को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया गया। बॉबी पंवार ने प्रेसवार्ता में कहा कि बीते सात-आठ साल के संघर्षों में हजारों युवाओं को रोजगार और नकल माफिया को सलाखों के पीछे पहुंचाने का कार्य किया गया है। परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ी है। कहा कि हमें युवाओं का सहयोग हर कदम पर मिला है। अब प्रदेश की जनता राजनीतिक चेहरे के रूप में देख रही है।

### ड्रोन अटैक में घायल महिला की मौत

**जम्मू।** पाकिस्तानी ड्रोन अटैक में घायल एक महिला की आज मौत हो गई। महिला का नाम सुखविंदर कौर है। वे 9 मई को पंजाब के फिरोजपुर में हुए अटैक में घायल हुई थीं। इसी हादसे में घायल उनके पति लखविंदर सिंह और बेटे सोनू का इलाज जारी है।



मृतका का फाइल फोटो

# घाटी में गोलियों की गूंज थमी, बाजार खुलने से लौटी रौनक

जम्मू
एजेंसी

पाकिस्तान की ओर से तंगधार में चार रोज तक हर रात भारी गोलाबारी की गई। इन चार दिनों में त्रिबुनि, शमसपोरा, बागबेला, दिलदार, भटपोरा, नवगाबरा जैसे कई गांवों में 100 से ज्यादा इमारतें तबाह हो गई हैं। करीब 50 वाहन भी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त हुए हैं।

सीजफायर के बाद दूसरे दिन भी सीमा पर शांति रही, पर सोमवार की रात फिर सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन की गतिविधि देखी गई। इसके बाद जम्मू संभाग के कुछ इलाकों में ब्लैकआउट कर दिया गया, वहीं जम्मू में पुलिस ने एहतियातन लाइटें बंद करा दीं। सेना ने ड्रोन गतिविधियों की पुष्टि की है, लेकिन हमले से इन्कार किया है। फिलहाल, स्थिति शांत और नियंत्रण में है। सेना और सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच में जुटी हुई हैं।



जम्मू-कश्मीर में सीजफायर के बाद सोमवार की शाम तक सब शांत था। न तो सायरन की आवाजें थीं, न आकाश में दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलें...। घरों, मंदिरों व गुरुद्वारों को निशाना बनाने वाली नापाक पाकिस्तानी आर्टिलरी भी खामोश थी। लेकिन, प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद पाकिस्तानी बौखलाहट फिर सामने आई। बहरहाल दुश्मन सेना के किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए हमारी सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। लंबे समय बाद रविवार की रात बिना गोलाबारी के गुजरी तो तंगधार के कई लोगों ने घर वापसी की राह पकड़ी। उजड़े घरों का हाल देख लोग बेहाल हो गए। मकान, दुकान, वाहन क्षतिग्रस्त मिले। लोगों का कहना है कि नए सिरे से फिर शुरुआत करनी होगी। इतना पैसा भी नहीं कि घर फिर से बनवा सकें। सरकार मदद करे तो राहत मिल सकती है। शनिवार को संघर्ष विराम के बाद भी पाकिस्तान ने रात में कुछ जगह गोलाबारी की थी। रविवार की रात राहतभरी रही।

### बॉर्डर इलाकों में स्कूल-कॉलेज, कोचिंग खुले

जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में स्कूल-कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आंगनबाड़ी केंद्र और कोचिंग सेंटर्स आज (मंगलवार) से खुल गए हैं। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे जैसलमेर प्रशासन ने शिक्षण संस्थानों को खोलने का आदेश जारी किया।

वायु सेना के बहादुर जवानों से बातचीत की

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद आदमपुर एयरबेस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी



मुलाकात

नई दिल्ली
एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और उसकी पनाह में पल रहे आतंकियों को सबक सिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पंजाब में आदमपुर एयरबेस पहुंचे।

यहां उन्होंने सेना के जवानों से मुलाकात की। बताया गया कि आज सुबह-सुबह प्रधानमंत्री मोदी आदमपुर एयरबेस पहुंचे। उन्होंने वायु सेना के बहादुर जवानों से बातचीत भी की। इस दौरान वायुसेना के जवानों ने मौजूदा हालात के बारे में जानकारी दी। दौरे की कई तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें एक तस्वीर में पीएम मोदी के पीछे भारतीय लड़ाके विमान की तस्वीर दिखाई दे रही है और उसके ऊपर लिखा है- क्यों दुश्मनों के पायलट ठीक से सो नहीं पाते?

### पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी

पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद पीएम मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। अपने 22 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, सीजफायर, आतंकवाद, सिंधु जल समझौते और पीओके पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है।

# कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत आज से पांच दिवसीय गढ़वाल दौरे पर

देहरादून
हमारे संवाददाता

कैबिनेट मंत्री धन सिंह चमोली में चारधाम यात्रा व्यवस्था परखेंगे। वह आज से पांच दिवसीय गढ़वाल क्षेत्र का दौरा करेंगे। स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत चमोली में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को परखेंगे। 13 मई से गढ़वाल क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे।

कैबिनेट मंत्री पांच दिवसीय दौरे की शुरूआत श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र से करेंगे। मंगलवार को सिमखेत में बाढ़ सुरक्षा कार्यों का शिलान्यास करेंगे। बुधवार को डॉ. रावत कलगड़ी मल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद राजकीय इंटर कॉलेज कालौं के नव निर्मित भवन तथा पटोटी के बहुउद्देशीय पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे साथ ही वह प्राथमिक विद्यालय कालौं व चमगांव के स्वीकृत भवन व सौंदर्यीकरण का शिलान्यास करेंगे। बृहस्पतिवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत भुवनेश्वरी में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर नव प्रवेशित छात्रों के मंगल स्नान एवं यज्ञोपवीत संस्कार में हिस्सा लेंगे और उन्हें दीक्षारंभ की शुभकामनाएं प्रेषित करेंगे। 16 व 17 मई को कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत चमोली जनपद के दौरे पर रहेंगे। जहां वह चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस दौरान वह यात्रा मार्गों पर स्थित स्वास्थ्य विभाग की स्थाई व अस्थाई चिकित्सा इकाइयों का भी निरीक्षण करेंगे।



**कार्यक्रम**

- विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे

# शिक्षा विभाग में तबादलों के लिए पात्र अधिकारियों की सूची जारी

देहरादून
हमारे संवाददाता

विभाग में सभी संयुक्त निदेशक और अपर निदेशकों की उम्र 55 साल से अधिक होने के कारण वे तबादलों की जद में नहीं हैं। जबकि खंड शिक्षा अधिकारियों में 13 अधिकारी दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में तबादलों के लिए पात्र हैं।

शिक्षा विभाग ने तबादलों के लिए पात्र अधिकारियों की सूची जारी कर दी। जिसमें एक उपनिदेशक और 15 खंड शिक्षा अधिकारी शामिल हैं। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक तबादलों के लिए प्रस्ताव आने पर इसे शासन को भेजा जाएगा। प्रदेश में इन दिनों शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादलों की प्रक्रिया चल रही है। तबादलों के लिए विभाग अब तक पात्र शिक्षकों की सूची जारी नहीं कर पाया है। हालांकि अधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। बताया गया है कि विभाग में सभी संयुक्त निदेशक और अपर निदेशकों की उम्र 55 साल से अधिक होने के कारण वे तबादलों की जद में नहीं हैं। जबकि खंड शिक्षा अधिकारियों में 13 अधिकारी दुर्गम क्षेत्र से सुगम क्षेत्र में तबादलों के लिए पात्र हैं। वहीं, सुगम क्षेत्र से दुर्गम के लिए दो बीईओ पात्र हैं। उपनिदेशक पद पर एक अधिकारी सुगम से दुर्गम के लिए पात्रता सूची में शामिल है। इसके अलावा उप शिक्षा अधिकारियों में कोई भी अधिकारी तबादलों के लिए पात्र नहीं है। बताया गया है कि अधिकतर अधिकारी नई नियुक्ति के होने की वजह से पात्रता सूची में नहीं हैं।

# जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत, मेन सप्लायर गिरफ्तार

पंजाब
एजेंसी

अमृतसर के मजीठा क्षेत्र में सोमवार देर रात तीन गांवों में जहरीली शराब के चलते 14 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग गंभीर है।

पंजाब के मजीठा विधानसभा क्षेत्र के गांवों भंगाली, धरीएवाल और मराडी कलां में जहरीली शराब ने तांडव मचा दिया। जहरीली शराब पीने से 14 लोगों की मौत हो गई। हादसा सोमवार देर रात हुआ। 14 लोगों की मौत से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। यह पंजाब में तीन साल में चौथी बड़ी जहरीली शराब त्रासदी है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज मजीठा का दौरा करेंगे। मान ने इस हादसे पर कहा कि मजीठा के आस पास के गांवों में जहरीली शराब पीने से कई



लोगों की मौत की दुखद खबर मिली है। मासूम लोगों के इन हत्यारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। ये मौतें नहीं, कत्ल हैं। जहरीली शराब से लोगों के घरों में मातम का माहौल बनाने वाले इन दोषियों को कानून के मुताबिक सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। मैं परमात्मा से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव मदद की जाएगी। एसएसपी अमृतसर मनिंदर सिंह ने बताया कि कल रात करीब 9:30 बजे सूचना मिली कि नकली शराब पीने से लोगों की मौत हो रही है। हमने तुरंत कार्रवाई की और चार लोगों को हिरासत में लिया। हमने मुख्य सप्लायर परबजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। हमने उससे पूछताछ की और किंगपिन सप्लायर साहब सिंह के बारे में पता लगाया। हमने उसे भी हिरासत में ले लिया है। हम इस बारे में जांच कर रहे हैं कि उसने किन-किन कंपनियों से यह शराब खरीदी है।

आरोपियों में कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू (मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई), साहिब सिंह उर्फ सराय, निवासी मारड़ी कलां, गुरजंट सिंह, निंदर कौर पत्नी जीता के तौर पर हुई है।

# गोल्फ टूर्नामेंट खिलाडियों को पुरुस्कृत किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से राजभवन गोल्फ क्लब के सहयोग से राजभवन परिसर में चल रही तीन दिनी प्रथम चीफ जस्टिस गोल्फ टूर्नामेंट का सोमवार को विधिवत समापन हो गया। इस मौके पर विजेता व उप विजेता खिलाडियों को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी.नरेंद्र ने पुरुस्कृत किया।

पुरुस्कार वितरण समारोह में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, महासचिव वीरेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड बार कौसिंल के अध्यक्ष डा.महेंद्र सिंह पाल, मुख्य स्थाई अधिवक्ता चंद्र शेखर सिंह रावत समेत कई अधिवक्ता व राजभवन गोल्फ क्लब के सचिव समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

जूनियर गोल्फ र अंडर 10 के रनर रिदित नैथानी तथा विनर रुशांक प्रताप सिंह सिजवाली रहे। मैक्स पार्स राहुल वर्मा रहे जबकि मैक्स बर्डीज कर्नल सी. बी. शर्मा रहे। अंडर 12 श्रेणी की विजेता आनिया साह रही जबकि अंडर 15 श्रेणी की रनर नित्यंत रहे। इसी क्रम में अंडर 15 श्रेणी की विजेता याना त्यागी रही वहीं लेडीज गोल्फ र रनर कमलेश सिंह रही वहीं लेडीज गोल्फ र विजेता खुखवानी सिंह रही। बुर्जुग गोल्फ र वीनर कर्नल सी.बी.शर्मा रहे। रनर सर्वश्रेष्ठ नेट विनायक पंत रहे जबकि विजेता सर्वश्रेष्ठ नेट कर्नल सी.बी.शर्मा रहे जबकि वीनर सर्वश्रेष्ठ नेट न्यायाधीश बी.एस.वर्मा रहे जबकि रनर बैस्ट ग्रास कर्नल सी.बी.शर्मा रहे। विजेता सर्वश्रेष्ठ ग्रौस राहुल वर्मा रहे। इसी क्रम में सर्वश्रेष्ठ ग्रौस न्यायाधीश श्रेणी में उप विजेता न्यायाधीश लोकपाल सिंह रहे जबकि सर्वश्रेष्ठ सकल न्यायाधीश श्रेणी में विजेता न्यायाधीश बी.एस.वर्मा रहे।

# युवाओं को माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक से सशक्त बनाने को प्रयास

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

माई भारत, युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार देश भर के युवाओं को माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक के रूप में नामांकन के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है। यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है। खासकर आपात स्थिति और संकट के दौरान।

बता दें कि इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित व उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए एक मजबूत समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण व सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है और माई भारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए माई भारत अपने युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से अपील करता है कि वे आगे आएं और माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में पंजीकरण करें। मौजूदा माई भारत स्वयं सेवक और नए व्यक्ति जो इस क्षमता में राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं दोनों का इसमें शामिल होने का स्वागत है।

यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक जिम्मेदारी और अनुशासन की मजबूत भावना पैदा करती है बल्कि उन्हें महत्वपूर्ण परिस्थितियों में तेजी से कार्य करने के लिए व्यावहारिक जीवन रक्षक कौशल और प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। राज्य निदेशक माई भारत उत्तराखंड अनिल कुमार सिंह व नेहरु युवा केंद्र के पौड़ी गढ़वाल के जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट के मुताबिक इसकी पंजीकरण प्रक्रिया सरल है और आधिकारिक माई भारत पोर्टल के एचटीटीपीएस/माईभारत डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से सुलभ है। यह युवाओं से आगे आने व इस राष्ट्रीय मकसद के लिए इच्छुक युवाओं व जनता को संगठित करने का आह्वान है।



# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विश्व शांति को प्रार्थना की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस दौरान विश्व शांति की प्रार्थना भी की गई। इस मौके पर खंपा भोटिया समिति की ओर से राजकीय बी.डी.पांडे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। बता दें कि सुख निवास स्थित मठ पर सुबह से ही जाप समेत अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। लोगों ने अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। खंपा भोटिया समिति नैनीताल के पदाधिकारियों ने कहा कि खंपा भोटिया समुदाय की ओर से प्रत्येक वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देना है।

# नैन्सी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में धूमधाम से मनाया मदर्स डे

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट स्थित नैन्सी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विषय अवर नर्सेस अवर फ्यूचर केरिंग फॉर नर्सेस स्ट्रेंथेंस इकोनॉमिक्स था। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में मंजू सिंह तथा निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह समेत सभी नर्सिंग टीचर एवं छात्राएं भी उपस्थित रही। मुख्य अतिथि मंजू सिंह ने नर्सिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की रीढ़ होती हैं और उनकी निस्वार्थ सेवा समाज के लिए एक प्रेरणा है। निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह ने समस्त नर्सिंग स्टाफ एवं छात्राओं को अंतराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की बधाई दी साथ ही छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सेवा भाव तथा समर्पण और करुणा के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिसमें गीत, कविता ,नाट्य मंचन और नृत्य आदि शामिल थे। कार्यक्रम के समापन में निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह द्वारा छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की तथा नर्सिंग वीक के प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्राओं के पुरस्कार एवं सर्टिफि केट भी दिए गए।



## NEWS / फटाफट

### किशोरी को नशीला पदार्थ खिला दुष्कर्म का प्रयास, दो पर मुकदमा

**रुद्रपुर।** पुलिस ने किशोरी को होटल में ले जाकर उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उससे सामूहिक दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आने के बाद एसएसपी एक्शन में आ गए। उन्होंने संबंधित थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा है कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री है। शांति विहार अपार्टमेंट रुद्रपुर निवासी माही घई पुत्र सुनील घई बाजार ले जाने के बहाने काशीपुर बाईपास रोड स्थित होटल अंबर ले गया। जहां पर मुख्य बाजार आरआर क्वार्टर रुद्रपुर निवासी काली ग्रोवर पहले से मौजूद था। आरोप है कि इस दौरान उसकी पुत्री को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। इसका पता चलते ही उन्होंने पुलिस के 112 पर काल किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के चंगुल से उसकी पुत्री को मुक्त कराया।

### युवक पर युवती को भगाकर ले जाने का आरोप

**हल्द्वानी।** एक युवक पड़ोस में रहने वाली युवती को भगाकर ले गया। आरोप है कि इसके बाद उसे वह एसटीएच में छोड़कर फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस से आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में जवाहर नगर निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री बीती 11 मई को अचानक घर से लापता हो गई। जिसकी गुमशुदगी पुलिस में दर्ज कराई गई। इस बीच उसकी पुत्री ने फोन पर खुद को डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल में होना बताया। जहां पहुंचने पर उसकी पुत्री बदहवास हालत में मिली। पूछताछ में उसकी पुत्री ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला नामक युवक उसे घर से ले गया और उसे एसटीएच छोड़कर यह धमकी देकर फरार हो गया कि वह उसे सुबह ले जाएगा। इस मामले में युवती के परिजनों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
**-संपादक**


**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत


# प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने पर भाजपा और रुद्रसेना के कार्यकर्ताओं ने त्यूणी थाने में धरना दिया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आपत्तिजनक एआई वीडियो पोस्ट करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। भाजपा और रुद्रसेना फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने युवक की गिरफ्तारी और गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर त्यूणी थाने में धरना दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। त्यूणी के मैंद्रथ निवासी सुलेमान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की एक आपत्तिजनक वीडियो चंद रोज पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। उसके बाद जबरदस्त विरोध शुरू हो गया था।

रुद्रसेना फाउंडेशन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवक को गिरफ्तार करने की मांग की थी। वहीं, गिरफ्तारी न होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी भी दी थी। पुलिस ने रविवार को युवक को थाने में बुलाकर उससे पूछताछ की थी। युवक के स्मार्टफोन की जांच की। युवक ने अपनी फेसबुक आईडी से पांच एआई वीडियो डाली थी। इसमें चार पाकिस्तान के खिलाफ थी। वहीं, एक वीडियो आपत्तिजनक थी। युवक ने पुलिस को बताया कि था कि उसने गलती से वीडियो पोस्ट किया था। पुलिस ने युवक को पाबंद किया था।

# श्रीमद्देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन भक्तों को देवी की भक्ति व साधना से कैसे लाभ बताया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा जन कल्याण के लिए आयोजित श्रीमद्देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन सोमवार को व्यास देवेश शास्त्री ने बताया कि कथा देवी के स्वरूप तथा शक्तियों और भक्तों के प्रति उनकी कृपा महत्वपूर्ण है।

उन्होंने देवी के विभिन्न रूपों और अवतारों का वर्णन किया साथ ही बताया कि भक्तों को देवी की भक्ति और साधना से कैसे लाभ मिलता है।

व्यास शास्त्री ने कहा कि महाकाली, महालक्ष्मी व महासरस्वती भक्तों की देवी है और भक्तों की देवी हमेशा रक्षा करती हैं और उन्हें मोक्ष प्रदान करती हैं। कहा कि देवी की भक्ति और साधना से मनुष्य को ज्ञान और मुक्ति मिलती है। देवी की शक्ति का ज्ञान तथा शक्ति को ऊर्जा रूप में और महिमा के बारे में ज्ञान प्राप्त होता है जो भक्तों को देवी की भक्ति और साधना के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

व्यास देवेश शास्त्री ने बताया कि यह भक्तों को मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग भी दिखाती है,कहा कि मां भगवती सबका कल्याण करे,जन कल्याण के लिए आयोजित श्रीमद देवी भागवत में शाम को पूर्णिमा के अवसर पर दीपदान सभा भवन में हुआ,दूसरी ओर अब मंगलवार (आज) अंतिम दिन पूजन प्रातः 7 बजे तथा यज्ञ के बाद 12 बजे कथा तथा अपराह्न 1.30 बजे से विशाल भंडारा आयोजित होगा। बता दें सोमवार को पूजन में नरेंद्र सिंह बिष्ट सपत्निक शामिल हुए। इस मौके पर सभा परिवार के सभी सदस्य व भक्तजन मौजूद रहे।

# अभिमत

## संयम और चुनौती

***उत्तराखंड कानून व्यवस्था की दृष्टि से हमेशा संतोषजनक रहा है। साइबर ठगी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि अपराध जरूर बढ़े हैं, लेकिन पर्यटकों के लिए उत्तराखंड सुरक्षित रहा है। देवभूमि उत्तराखंड के सभी वर्ग के लोग अतिथि देवोभवः की भावना से पर्यटकों का स्वागत करते हैं। उत्तराखंड पर्यटकों की पहली पसंद रहा है। इसलिए उम्मीद है कि पहलगाम की घटना का उत्तराखंड के पर्यटन पर असर नहीं पड़ेगा। राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा का आश्वासन देने के बाद उम्मीद और बढ़ी है।***

पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद पर्यटन व्यवसाय पर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। उत्तराखंड में शासन, प्रशासन और सभी प्रदेशवासियों को संयम और चुनौती की कसौटी पर खरा उतरना होगा। आतंकी हमले के बाद कश्मीर के होटलों में पहले से ऑनलाइन बुकिंग रद्द होनी शुरु हो गईं। उधर उत्तराखंड में भी पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को धक्का लगा है। उत्तराखंड के शिक्षण संस्थानों में कश्मीर और देश के अन्य राज्यों के विद्यार्थी पढ़ते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि कश्मीर समेत सभी छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के प्रति सरकार गंभीर है। कैलास-मानसरोवर यात्रा तो कठिन चुनौती है। इस यात्रा में देश के साथ अनेक विदेशी शामिल होते हैं। उत्तराखंड कानून व्यवस्था की दृष्टि से हमेशा संतोषजनक रहा है। साइबर ठगी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि अपराध जरूर बढ़े हैं, लेकिन पर्यटकों के लिए उत्तराखंड सुरक्षित रहा है। देवभूमि उत्तराखंड के सभी वर्ग के लोग अतिथि देवोभवः की भावना से पर्यटकों का स्वागत करते हैं। उत्तराखंड पर्यटकों की पहली पसंद रहा है। इसलिए उम्मीद है कि पहलगाम की घटना का उत्तराखंड के पर्यटन पर असर नहीं पड़ेगा। राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा का आश्वासन देने के बाद उम्मीद और बढ़ी है। दशकों से कश्मीर आतंकवाद से प्रभावित है। पर्यटन से जुड़े व्यवसायी और पुलिस पर्यटकों को सुरक्षित रखने का प्रयास करते थे। अब पर्यटकों का भरोसा टूटा है। पर्यटक उत्तराखंड का रुख करेंगे। राज्य सरकार और प्रदेशवासियों को तैयार रहने की जरुरत है। उधर सोशल मीडिया को जिम्मेदारी निभानी होगी। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट की गईं। उत्तराखंड में भी आपत्तिजनक पोस्ट की गईं। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करके आरोपियों की धरपकड़ की। इस बीच सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एडवायजरी जारी की है। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया से खबरों के प्रसारण में सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया ने पहलगाम की घटना में पूरी सतर्कता बरती है। सोशल मीडिया की भूमिका संतोषजनक नहीं रही है। राज्य सरकार और प्रशासन को सोशल मीडिया पर नजर रखनी होगी। उत्तराखंड के समुदाय विशेष के अनेक लोगों ने पहलगाम की घटना पर पाकिस्तान की निंदा की है, लेकिन समाज में सभी लोग एक जैसे नहीं होते हैं। असामाजिक तत्व कानून व्यवस्था बिगाड़ सकते हैं।

# पदोन्नति की राह में रुकावट बना पीसीएस अफसरों का वरिष्ठता विवाद

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

सीधी भर्ती के पीसीएस अफसर और तहसीलदार से पदोन्नत होकर एसडीएम बनने वाले अफसरों के बीच वरिष्ठता का विवाद पुराना है। कई पीसीएस अफसर न्यायालय की शरण में गए हैं।

प्रदेश में पीसीएस सीधी भर्ती और पदोन्नत अफसरों के बीच का विवाद वरिष्ठता सूची में बाधा बन गया है। इसके चलते पीसीएस अफसरों के प्रमोशन प्रभावित हो रहे हैं। कई पीसीएस इसके खिलाफ न्यायालय की शरण में हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती के पीसीएस अफसर और तहसीलदार से पदोन्नत होकर एसडीएम बनने वाले अफसरों के बीच वरिष्ठता का विवाद पुराना है।

आयोग के पहले बैच के पीसीएस अफसरों और पदोन्नत पीसीएस के बीच पहला विवाद हुआ था। वह विवाद हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट से एक बार मामला सुलझने के बाद दोबारा नए बैच के अफसरों का



विवाद चल रहा है। प्रदेश में पीसीएस-2012 बैच के सीधी भर्ती के 19 अफसर हैं, जिनकी ज्वाइनिंग 2014 की है। दूसरे वो 25 अफसर हैं, जो नायब तहसीलदार के पद से एसडीएम के पद पर 2016 में पदोन्नत हुए थे, जबकि ये जून 2012 से बतौर तदर्थ पीसीएस जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इन अफसरों का कहना है कि चूंकि वह 2012 से एसडीएम के पद पर सेवाएं दे रहे हैं, इसलिए 2014 में आए सीधी भर्ती के पीसीएस से सीनियर हैं। बीते दिनों विवाद तब गहराया, जब सरकार ने सीधी भर्ती से दो पीसीएस योगेंद्र सिंह और जयवर्धन शर्मा को एडीएम पद पर तैनाती का आदेश जारी कर दिया। पदोन्नत पीसीएस अफसर इसके विरोध में उतर गए थे।

पदोन्नत पीसीएस अफसरों का कहना था कि चूंकि वे वरिष्ठ हैं, इसलिए उन्हें भी एडीएम का पद दिया जाए। उधर, सीधी भर्ती के पीसीएस अफसरों का कहना है कि अस्थायी व्यवस्था के तहत जून 2012 से पीसीएस पद पर सेवाएं देने वालों को 2016 में इस पद पर पूर्ण पदोन्नति मिली है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हुए कई माह हो चुके हैं, लेकिन सरकार अब तक चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं कर सकी है। इसकी दो मुख्य वजहें हैं पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन और ओबीसी आरक्षण का निर्धारण।

राज्य सरकार ने अधिनियम संशोधन के लिए अध्यादेश का मसौदा तैयार कर राजभवन को भेज दिया है, लेकिन वहां से अब तक मंजूरी नहीं मिल पाई है। दूसरी ओर, ओबीसी आरक्षण की सूची भी तय नहीं हो सकी है, जो चुनाव प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। वर्तमान में पंचायतों का कामकाज प्रशासकों के जरिए चल रहा है, जिनमें पूर्व ग्राम प्रधान, प्रमुख और अध्यक्ष शामिल हैं। पंचायतीराज अधिनियम के अनुसार प्रशासकों का कार्यकाल छह महीने तक सीमित होता है, जो मई के अंत तक पूरा हो रहा है। ऐसे में सरकार के पास निर्णय लेने के लिए बहुत कम समय बचा है। अगर सरकार मई के अंत तक फैसला नहीं ले पाती, तो पंचायती व्यवस्था की संवैधानिक वैधता पर सवाल खड़े हो सकते हैं। ऐसे में आने वाले कुछ दिन राज्य की पंचायत राजनीति के लिए निर्णायक साबित होंगे।

## डंपर से बैटरी चोरी पर कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** गौला नदी में खड़े डंपर पर चोरों ने धावा बोलकर डंपर से बैटरी चोरी कर पुलिस को चुनौती दी है डंपर मालिक ने बनभूलपुरा थाना पुलिस को चोरों के खिलाफ तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में लाइन नंबर 17 निवासी शब्बू खान ने कहा कि गौला में डंपर11 मई को खड़ा करके आया था जब शब्बू 12 मई को उसकी डंपर की बैटरी गायब थी।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम प्रवीण कुमारी आहूजा से बदलकर प्रवीण आहूजा रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे प्रवीण आहूजा नाम से जाना पहचाना जाए। - **प्रवीण आहूजा पत्नी स्व0 नीरज आहूजा, 19/307, रामपुर रोड, गली नं0- 10, वार्ड नं0-19, विष्णुपुरी, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# बैशाख पूर्णिमा पर धार्मिक अनुष्ठान व भंडारे का आयोजन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

बैशाख पूर्णिमा के विशेष मौके पर नैनीताल की चीना चुंगी स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में सोमवार को सिद्ध बाबा की नव स्थापित मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा के बाद विविध धार्मिक अनुष्ठान व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। इस दौरान क्षेत्र का वातावरण दिनभर भक्तिमय बना रहा। दूसरी ओर बैशाख पूर्णिमा का राजकीय अवकाश होने की वजह से दिनभर मंदिर में भक्तजनों की काफी भीड़-भाड़ लगी रही।

बता दें कि सोमवार को सिद्ध बाबा मंदिर का 15वां स्थापना दिवस था। इस मौके पर सुबह से मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन हुए। मंदिर में सिद्ध बाबा की नई मूर्ति स्थापित की गई है, जिनकी सोमवार को विधिवत प्राण प्रतिष्ठा हुई जिसके बाद विविध धार्मिक अनुष्ठान, हवन,कन्या पूजन तथा सुंदरकांड हुआ साथ ही



विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। धार्मिक अनुष्ठानों में मुख्यतः भुवन चन्द्र मठपाल, दीवान सिंह धामी, सन्तोष सिंह, भीम सिंह आदि सपत्नीक शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान पंडित महेश चंद्र भट्ट ने सम्पन्न कराए जबकि भंडारे की व्यवस्था में नगर पालिका परिषद के सभासद भगवत सिंह रावत समेत राजेन्द्र भट्ट, हरीश जोशी, राजू बिष्ट, गौरव शर्मा, माधव अधिकारी, किशन सिंह बिष्ट, पुष्कर सिंह बिष्ट तथा पालिका की सभासद लता दफौटी समेत संजय सुयाल सहित काफी संख्या में स्थानीय भक्तजन भक्तिभाव से जुटे रहे। दूसरी ओर मंदिर को भी काफ ी आकर्षक तरीक से सजाया गया था।

## फिल्मी दुनिया

# मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों ने की आध्यात्मिक यात्रा, बुद्ध पूर्णिमा पर पहुचीं बुद्धवनम



*बुद्ध पूर्मिमा के अवसर पर '72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल' की प्रतियोगियों ने बुद्धवनम की यात्रा की। इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान उन्होंने भगवान बुद्ध की आध्यात्मिक उर्जा का अनुभव किया और उनके जीवन के प्रमुख प्रसंगों को जाना। बुद्ध पूर्मिमा के अवसर पर एशियाई और महासागरीय क्षेत्रों से आई हुए '72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल' की प्रतियोगियों ने बुद्धवनम की यात्रा की। बुद्धवनम तेलंगाना के नलगोंडा जिले के नागार्जुनसागर में एक मशहूर बौद्ध स्थल है। यह यात्रा फेस्टिवल के कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य तेलंगाना के इतिहास और संस्कृति को जानना है। मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों ने इस आध्यात्मिक यात्रा का आनंद उठाया। उन्होंने नागार्जुनसागर में शांति का अनुभव लिया और एक फोटो सेशन किया। इसके बाद प्रतियोगी बुद्धवनम गए, जो कृष्णा नदी के उत्तरी तट पर स्थित एक प्रसिद्ध बौद्ध थीम पार्क है। तेलंगाना सरकार द्वारा शुरू की गई यह परियोजना गौतम बुद्ध के जीवन और शिक्षाओं को प्रदर्शित करने के लिए बनाई गई है। बुद्धवनम की यात्रा के अलावा प्रतियोगियों ने स्तूप के भीतर एक ध्यान सत्र में भाग लिया, जिसके बाद 25 बौद्ध भिक्षुओं द्वारा बैलीकुप्पा महा बोधि पूजा की गई। यह आत्मनिरीक्षण और आध्यात्मिक जुड़ाव का एहसास कराती है। इस यात्रा का समापन 18 कलाकारों द्वारा एक नाट्य प्रदर्शन के साथ हुआ। इसमें बुद्ध के जीवन से जुड़े प्रमुख प्रसंगों को कैद किया गया।*

### अगले चरण में हैदराबाद की यात्रा

*इसके बाद प्रतियोगी अपनी यात्रा के अगले चरण के लिए हैदराबाद लौटेंगे। वह 13 मई को चारमीनार और लाड बाजार में हेरिटेज वॉक शामिल करेंगे। इसके बाद ऐतिहासिक चौमहल्ला पैलेस में शाही स्वागत और डिनर होगा। '72वें मिस वर्ल्ड फेस्टिवल' का समापन 31 मई को होगा।*

# नैनीताल पुलिस टीम ने चलाया सघन सत्यापन अभियान

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

शहर में पुलिस ने एक बार फिर क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। तल्लीताल इलाके में सोमवार को पुलिस टीम ने सघन सत्यापन अभियान चलाया। इस पूरे अभियान की निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा कर रहे थे जबकि मैदान में खुद थाना तल्लीताल के प्रभारी रमेश बोरा मौजूद रहे। उनके साथ उप निरीक्षक सुनील कुमार और श्याम सिंह बोरा ने अलग अलग हिस्सों में जाकर कार्रवाई को अंजाम दिया। श्याम सिंह बोरा ने पंद्रह लोगों का सत्यापन किया जिसमें से दस मामलों में पुलिस एक्ट की कार्रवाई की गई। वहीं सुनील कुमार ने इकतालीस लोगों की जांच की जिसमें दो मामलों में इक्यासी पुलिस एक्ट और एक में तिरासी पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। इसी के साथ एक मामला ऐसा भी रहा जिसमें



तिरासी पुलिस एक्ट के तहत पांच हजार रुपये का चालान काटा गया और एक व्यक्ति का कोर्ट चालान भी किया गया। थाना प्रभारी रमेश बोरा का कहना है कि यह अभियान अब रोज़ चलेगा और इलाके में रहने वाले हर शख्स का सत्यापन किया जाएगा। जो लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। सोमवार की इस मुहिम में पुलिसकर्मियों के साथ एसएसबी के जवान भी मौजूद थे।

# तृतीय बैसाख महोत्सव में धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पहल सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित तृतीय बैसाख महोत्सव में धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। नैनीताल मार्ग स्थित मेट्रोसिटी मॉल में तृतीय बैसाख महोत्सव 2025 का विधिवत उद्घाटन विधायक शिव अरोरा,पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,मेयर विकास शर्मा,स्वामी शिवानंद जी महाराज,महंत विक्रमजीत सिंह और शोमानंद सरस्वती महाराज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। महोत्सव की शुरुआत में रोहित बनोतरा डांस एकेडमी के कलाकारों ने देवी सरस्वती और गणेश जी की वंदना पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। जबकि एक पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने नारी सम्मान को समर्पित प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही बटोरी मीरी पीरी खालसा अकादमी के छात्र-छात्राओं ने कोई बोले राम राम कीर्तन गाकर समरसता का संदेश दिया।






इस दौरान विधायक शिव ने कहा कि सामाजिक सौहार्द और परस्पर एकदूसरे के धर्म का सम्मान करके ही देश को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है। अरोरा ने बैसाख महोत्सव के आयोजक ललित शर्मा की पीठ थपथपाते हुए कहा कि पंजाबी और हिंदू संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन कर उन्होंने सामाजिक समरसता का अनूठा व अभिनव संदेश दिया है।समाज के सभी वर्गों को समान भाव से तीज त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बैसाख के महीने में ही गुरु गोविंद सिंह महाराज ने खालसा की स्थापना कर सनातन धर्म को बचाने का भागीरथ बीड़ा उठाया था। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि पहल सेवा ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से बैसाख महोत्सव आयोजित कर खास तौर से युवा वर्ग को अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करता रहा है। समाज को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए बैसाख महोत्सव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किये जाने चाहिए। कार्यक्रम संयोजक ललित शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राजकुमार फुटेला,ममता जीना,ज्योति अरोरा,कर्नल सेनि गुरदेव सिंह, गुरजंट सिंह,हरीश भट्ट,हरविंदर सिंह चुघ,नितिन चौधरी,प्रो. कुंदन सिंह राठौर,विराट आर्य, बीएन बेलवाल,बीना तिवारी, रतन शर्मा,प्रशांत शर्मा आदि मौजूद थे।

## News कॉर्नर

### पुलिस ने किशोर को तमंचा समेत गिरफ्तार किया, संदिग्ध हालात में घूम रहा था,न्याय बोर्ड में पेश

रुद्रपुर। पुलिस ने गांधी पार्क के पास से एक किशोर से तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने उसे न्याय बोर्ड में पेश किया। जहां से उसे सुधार गृह भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक, बाजार चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त लगा रही थी। इस दौरान पुलिस को गांधी पार्क के पास एक संदिग्ध दिखाई दिया। शक होने पर पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। तालाशी लेने पर उनके पास से एक तमंचा बरामद हुआ। वहीं कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि जांच में पता चला कि वह किशोर है। उसके पास से बरामद तमंचे को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। जबकि किशोर को न्याय बोर्ड में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। तमंचा किससे खरीदा है, पुलिस जांच कर रही है।

# बीएलएम के बारहवीं सीबीएसई बोर्ड की में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन


इशिता कांडपाल


ऋचा गरिया


हिमानी बसेरा

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी के सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में विद्यार्थियों ने बारहवीं की कला संकाय की छात्रा इशिता कांडपाल 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ऋचा गरिया वाणिज्य संकाय 96.8प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और हिमानी बसेरा विज्ञान संकाय 95.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

विद्यालय के निदेशक साकेत अग्रवाल ने 12वीं की परीक्षा परिणाम शानदार रहने पर विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों व स्टाफ को बधाई दी है। वहीं, प्रधानाचार्या डॉ. गायत्री कुंवर ने कहा कि शिक्षकों व प्रबंधन स्टाफ के विद्यार्थियों के प्रति समर्पण व निष्ठा के भाव के कारण यह विद्यालय लगातार साल दर साल शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर करने की परंपरा को बरकरार रखे हुए हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की डायरेक्टर सौम्या अग्रवाल ने सभी को बधाई देते हुए शिक्षकों को उनके समर्पण व दृढ़ता हेतु व विद्यार्थियों को पूरी लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए सराहा। उन्होंने विद्यार्थियों व शिक्षकों को यह परंपरा बनाए रखने और भविष्य में भी शानदार प्रदर्शन करने को प्रेरित किया।

# छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का फरार आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**चेतावनी**

● गैर जमानती वारंट लेने के बाद अब आरोपी के घर पर कुर्की की चेतावनी का नोटिस चस्पा किया

एक पखवाड़े पहले सातवीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का दूसरा आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है। पुलिस नेगैर जमानती वारंट लेने के बाद अब आरोपी के घर पर कुर्की की चेतावनी का नोटिस चस्पा किया है। पुलिस मुख्य आरोपी को पहले ही जेल भेज चुकी है।

बीते महीने शहर की एक कालोनी में रहने वाली महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा था कि उसकी बेटी सातवीं कक्षा की छात्रा है। वह डांस क्लास में जाती है। बीते 23 अप्रैल की शाम किच्छा निवासी सूरज उसकी पुत्री को डांस प्रतियोगिता में शामिल कराने के लिए किच्छा ले गया था। काफी देर तक बेटी घर नहीं आई तो उसने खोजबीन शुरू कर दी थी। इस दौरान उसको पता चला कि बेटी को ले जाने वाला सूरज नहीं समीर था। समीर डांस प्रतियोगिता का झांसा देकर उसकी बेटी को किच्छा स्थित हेवन इन गेस्ट हाउस में ले गया था। यहां उसने और उसके साथी ने तमंचा, चाकू के बल पर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया था। उसका कहना था कि आरोपियों ने बेटी की अश्लील फोटो और वीडियो बनाई थी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया था। पुलिस ने 26 अप्रैल को समीर निवासी वार्ड नंबर 18 सिरौलीकला थाना पुलभट्टा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसने अपने साथी का नाम अरबाज निवासी कुरैशी मोहल्ला थाना किच्छा बताया था। इसके बाद से ही पुलिस अरबाज की तलाश में जुटी थी।

पुलिस ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट लिया था। लेकिन संभावित जगहों पर दबिश के बाद भी वह हत्थे नहीं चढ़ सका था। सपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि अभियुक्त के घर पर कुर्की की उद्घोषणा का नोटिस चस्पा किया गया है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी नहीं होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने सलमान और फैसल को हापुड़ से गिरफ्तार किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना कुंडा पुलिस ने कार और बस में तोड़फोड़, फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले सलमान और फैजल को हापुड़ से गिरफ्तार किया है। दोनों काफी शातिर है और पुलिस के भय से ठिकाने बदल कर रह रहे थे।

पुलिस के मुताबिक 22/23 मार्च 2025 को थाना कुंडा क्षेत्र नेशनल हाईवे पर दो वाहनों स्कॉर्पियो यूपी 37 पी-4751 एवं लेन्ड रोवर-डिस्कवरी स्पोर्ट कार रेजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 16 बीएस 8624 में सवार नामजद अभियुक्त सलमान पुत्र इरशाद निवासी गढ़मुक्तेश्वर व उसके साथ सवार अन्य अज्ञात अभियुक्तों ने पीड़ित शैलेंद्र उर्फ शीलू पुत्र अरविंद सिंह चौधरी निवासी ग्राम पसौली थाना औरंगाबाद की बोलेरो नंबर यूके 08 पीए 7686 व यात्रियों से भरी बस नंबर यूके 08 पीए 2209 पर भय और का माहौल बनाने एवं देहरादून से लखीमपुर खीरी सड़क मार्ग पर सवारी वाहन चलाने को अवैध रूप से एकक्षत्र अधिकार कायम करने के उद्देश्य से एक से अधिक बार फायर करने के साथ साथ बस मे तोड़फोड़,सवार व्यक्तियों के साथ गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद फरार हो गए। इसके साथ ही अभियुक्तों ने पूर्व में भी कोतवाली रुद्रपुर में बस में भी तोड़फोड़ कर इसी प्रकार की घटना को अंजाम दिया था। कोतवाली रुद्रपुर में मुकदमा पंजीकृत है। एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि एसएसपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की टीमें गठित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। लिए। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लगभग 150 से भी अधिक सीसीटीवी केमरें खंगाले । इसमें प्रकाश में कई संदिग्ध मोबाईल नंबरों की सीडीआर आदि का अवलोकन किया। इस दौरान फैसल पुत्र मोहम्मद असलम, शाहिनूर पुत्र मोहम्मद असलम निवासी शिवदयालपुर गली नंबर एक थाना हापुड़ जिला हापुड़,सौरभ उर्फ टीनू पुत्र विक्रम सिंह ग्राम पतई भूड थाना हसनपुर जिला अमरोहा,फैसल उर्फ राजा पुत्र आरिफ निवासी ग्राम वेट थाना सिम्भावली जिला हापुड़ के नाम प्रकाश में आए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने फैसल और सलमान को हापुड़ से गिरफ्तार कर लिया। जबकि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर तमंचे बरामद किए। गिरफ्तार अभियुक्त सलमान पुत्र इरशाद निवासी गढ़मुक्तेश्वर मीरा की रेती थाना गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड़। फैसल पुत्र मोहम्मद असलम निवासी शिवदयाल कॉलोनी हापुड़ जिला हापुड़ यूपी। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी, एसआई अर्जुन सिह,एसआई सुरेन्द्र सिह, एसआई जगदीश तिवारी,योगेश चौधरी, राजकुमार,धर्मेन्द्र भारती आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# अतिक्रमण पर लगाम को पालिका प्रशासन सख्त

नैनीताल । नगर पालिका ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण पर लगाम कसने के लिए सख्त रुख अपनाया है। पालिका प्रशासन ने आठ सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है जो रोज क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

बता दें कि सोमवार को पालिका टीम ने पंत पार्क क्षेत्र में अवैध रूप से फड़ लगाकर व्यवसाय कर रहे लोगों को नोटिस भी जारी किए।

# किराना व्यापारी का शव घर में ही पंखे के कुंडे में लटका मिला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

चौकी सिडकुल क्षेत्र नयू शक्ति विहार कालोनी में किराना व्यापारी ने अज्ञात कारणों के चलते घर में गले में रस्सी का फंदा लगाकर पंखे के कुंडे में लटक गये। परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से आरा शलपड़ दनिया अल्मोड़ा निवासी 40 वर्षीय षष्टी बल्लभ पांडे पुत्र मणि पांडे न्यू शक्ति विहार कालोनी में रहते थे। वह किराने की दुकान चलाते थे। सोमवार शाम को उनकी पत्नी सोनू पांडे किसी कार्यक्रम में गई हुई थी। जबकि घर में षष्टी बल्लभ पांडे और सात साल की पुत्री तथा पांच साल का पुत्र ही थे। इसी बीच वह छत पर बने कमरे में गए और पंखे से लटके हुए थे। जब उनकी पत्नी घर आई तो वह लटके हुए मिले। यह देख उसके होश उड़ गए। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। इस पर लोगों ने पुलिस ने को सूचना दी। सूचना पर सिडकुल चौकी प्रभारी गणेश दत्त भट्ट पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। मंगलवार सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतक के पास से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

# नेता प्रतिपक्ष के पास कोई ऐसा मामला है तो उसकी शिकायत करें, सरकार कार्रवाई करेगी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ अनिल डब्बू एवं महिला उद्यमिता विकास के अध्यक्ष रेनू अधिकारी ने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के प्राधिकरण पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपो को बेबुनियाद और बोखलाहट करार दिया।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के पास कोई ऐसा मामला है तो उसकी तुरंत शिकायत करें,सरकार तुरंत कार्रवाई करेगी दोनों नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आदेश जारी किया था पुराने प्राधिकरण एवं विनयमती क्षेत्र को छोड़कर नए सम्मिलित क्षेत्र में मानचित्र की प्रक्रिया स्थगित कर दी



गई थी। नेता प्रतिपक्ष ने यह बयान उन भू माफियाओं के दबाव में आकर दिया है जो नजूल की संपत्ति सरकारी संपत्ति पर अवैध रूप से कॉलोनी और मकान का निर्माण कर रहे हैं। जिनके खिलाफ धामी सरकार कठोर कदम उठा रही है उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम करती रही है खुद उनके पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार की बात करते हुए कैमरे में कैद हो चुके हैं। उनके पूर्व विधायक ने गुंडागर्दी के दम पर जो संपत्ति कब्जा कर रखी थी उसे आज सरकार ने छुड़वा दिया है। भ्रष्टाचार के मामले में अभी तक डेढ़ सौ से अधिक भ्रष्टाचारी जेल के पीछे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनता में धामी सरकार की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर विपक्ष के नेता अनर्गल आरोप लगा रहे है।

अगर कोई प्रकरण यशपाल आर्य के संज्ञान में है तो वह स्वयं मुख्यमंत्री को अवगत करा सकते हैं,उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी । सरकार ने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ 1064 के माध्यम से विजिलेंस को तुरंत कार्रवाई करने की छूट दे रखी है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से कहा कि वह अनर्गल आरोपो के स्थान पर प्रदेश के हित मे सकारात्मक बात करेंगे तो जनता में उनका सम्मान बढ़ेगा।